## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 15.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन और कैम्प कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ झण्डे को दी गई सलामी। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण।**
- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा जारी पदक व प्रशंसा चिह्न प्रदान करने के साथ सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।**

**विवरण-** देश की आजादी के **78 वर्ष पूर्ण** होने पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में दिनांक 15.08.2025 को **स्वतंत्रता दिवस** के पावन अवसर पर जनपद में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम **पुलिस लाइन** में आयोजित किया गया जहां **पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल** द्वारा ध्वजारोहण कर झण्डे को सलामी दी गयी इसी क्रम में **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज** द्वारा **पुलिस कार्यालय** में ध्वाजारोहण किया गया। समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने अपने कार्यालयों तथा सर्किल के थानों, समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थानों पर तथा चौकी प्रभारियों द्वारा चौकियों पर ध्वजारोहण कर लोगों में मिष्टान्न वितरण  किया गया। पुलिस लाइऩ में ध्वाजारोहण के पश्चात पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा जारी पदक व प्रशंसा चिह्न प्रदान किए गए। इस दौरान **पुलिस महानिदेशक के सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न** से सम्मानित निरीक्षक **श्री विजय कुमार कुशवाहा**, पुलिस महानिदेशक के **प्रशंसा चिह्न (सिल्वर)** से सम्मानित **1. पुलिस उपाधीक्षक श्री अखिलेश राजन, 2. पुलिस उपाधीक्षक श्री सौरभ सिंह, तथा 3. आरक्षी श्री मनीष कुमार मिश्र**, को प्रशंसा चिह्न व पदक प्रदान किए गए।  **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर** सहित सराहनीय कार्य करने वाले 08 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। अच्छा रिस्पांस टाइम देने वाले डायल यूपी 112 के 06 कर्मचारियों को डायल यूपी-112 मुख्यालय से जारी किए गए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हे भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा **शहीद पुलिसकर्मियों** 1. शहीद राजेन्द्र प्रसाद यादव (भारतीय सेना), 2. शहीद त्रिमोहन सिंह (ITBP) तथा 3. शहीद अजीत कुमार प्रजापति (PAC), के परिवारिजनों को सम्मानित किया गया।  पुलिस अधीक्षक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और न्याय की भावना को सशक्त बनाना भी है। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों से ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

**पुलिस महानिदेशक से सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी-**

1. निरीश्रक श्री विजय कुमार कुशावाहा

**पुलिस महानिदेशक से प्रशंसा चिह्न प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी-**

2. पुलिस उपाधीक्षक श्री अखिलेश राजन
3. पुलिस उपाधीक्षक श्री सौरभ सिंह
4. आरक्षी श्री मनीष कुमार मिश्र

**प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने अधि0/कर्मचारी-**

1. अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज सिंह
2. पुलिस उपाधीक्षक सिंह श्री राजवीर सिंह गौर
3. उ0नि0 श्री सालिक प्रसाद पाठक
4. उ0नि0 सुश्री रेनू शर्मा
5. उ0नि0 श्री राधाकृष्ण तिवारी
6. उ0नि0 श्री राजेश कुमार मौर्य
7. उ0नि0 श्री पंकज चौरसिया
8. उ0नि0 श्री भवानी सिंह

**प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले डायल-112 के अधि0/कर्मचारी-**

1. कमाण्डर पीयूष कुमार
2. पॉयलेट श्री सुशील कुमार
3. कमाण्डर श्री शिवगोपाल मिश्र
4. पॉयलेट श्री मनभावन
5. कमाण्डर श्री बृजपाल
6. पॉयलेट श्री मिथुन चक्रवर्ती